महत्वपूर्ण

संख्या- 1/सीएम107/9-9-13-32(त)/13

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 जल निगम,
लखनऊ।

2. प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ

नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 23 सितम्बर, 2013

विषय- त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत/कराये जा रहे कार्यो के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को द्रुतगति से कार्यान्वित किया जाना है । शासन के संज्ञान में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि त्वरित आर्थिक विकास योजना से स्वीकृत कार्यो की वित्तीय/भौतिक प्रगति की अद्यावधिक स्थिति संतोषजनक नही है एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पर्याप्त रूचि नहीं ली जा रही है। पेयजल की जो योजना ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में त्वरित आर्थिक विकास योजना से वित्त पोषित है, उसकी प्रगति आख्या अत्यन्त धीमी है। अतः उक्त योजनाओं में तेजी से प्रगति लाते हुये जिन योजनाओं में 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके, उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र/प्रभावी अनुश्रवण एवं प्रगति आख्या प्रत्येक माह की 07 तारीख तक नगर विकास विभाग तथा नियोजन विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

प्रकरण में शीर्ष प्राथमिकता स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित है।

भवदीय,
ह0
(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि विशेष सचिव, नियोजन अनुभाग-04 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
ह0
(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।